# राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता एवं प्रबन्धन संस्थान, कुंडली

पत्रांक: निफ्टेम/जीइए/एचसी/2022/15/...62 दिनांक : 06.09.2022

## कार्यालय ज्ञाप

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 से 28 सितम्बर, 2022 के मध्य संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अवधि में निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे :-

| दिनांक | समय | कार्यक्रम | स्थान | प्रतिभागीगण |
|---|---|---|---|---|
| 14.09.2022 | पूर्वान्ह 11:30 बजे | हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन एवं राजभाषा प्रतिज्ञा/शपथ | सेमीनार हॉल (भूतल) | समस्त स्टाफ |
| 15.09.2022 | अपराह्न 4:00 से 5:00 बजे तक | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | कम्प्यूटर लैब | लिपिकीय श्रेणी के सभी कर्मचारी |
| 19.09.2022 | अपराह्न 3:30 से 5:00 बजे तक | हिन्दी भाषा ज्ञान एवं टिप्पण प्रतियोगिता | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ |
| 20.09.2022 | अपराह्न 3:30 से 5:30 बजे तक | हिन्दी में निबंध प्रतियोगिता | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ |
| | सांय 6:00 बजे से 7:30 बजे तक | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त छात्र / छात्राएं |
| 21.09.2022 | पूर्वाह्न 3:30 से 5:00 बजे तक | हिन्दी भाषण प्रतियोगिता ***" हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता एवं रोजगार की संभावनाएं"*** | सेमीनार हॉल (भूतल) | समस्त स्टाफ |
| | सांय 6:00 बजे से 7:30 बजे तक | हिन्दी भाषण प्रतियोगिता ***"सोशल मीडिया पर हिन्दी एवं सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव / दुष्प्रभाव"*** | सेमीनार हॉल (भूतल) | समस्त छात्र / छात्राएं |
| 22.09.2022 | अपराह्न 3:30 बजे से 7:30 | हिन्दी कार्यशाला **"हिन्दी के प्रगामी प्रयोग एवं सिद्धान्त"** *- प्रो. (डॉ.) पूर्णमल गौड़* | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ / छात्र / छात्राएं |

6/9/22

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 23.09.2022 | अपराह्न 4:00 से 5.00 बजे तक | हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ |
| | सांय 6:00 बजे से 7:30 बजे तक | हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता | सेमीनार हॉल (भूतल) | समस्त छात्र / छात्राएं |
| 26.09.2022 | अपराह्न 11:00 से 1:00 बजे तक | हिन्दी कार्यशाला<br>**1. "कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा का प्रयोग"**<br>*- श्री राजीव माथुर, सहायक निदेशक, राजभाषा* | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ |
| | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे तक | **2. "हिन्दी टंकण के लिए सरल उपाय एवं तकनीक"**<br>*- श्री आशाराम, हिन्दी प्राध्यापक, राजभाषा* | सेमीनार हॉल (भूतल) / मल्टीपरपज सेमीनार हॉल (द्वितीय तल) | समस्त स्टाफ |
| 28.09.2022 | अपराह्न 4:00 से 5:30 बजे तक | हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण | सेमीनार हॉल (भूतल) | समस्त स्टाफ |

1. सभी कार्यक्रमों में सभी संकाय, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं बढ़चढ़ कर भाग लें। कृपया, अपना नाम, पदनाम, विभाग का नाम, मोबाईल नंबर, ईमेल देते हुए दिनांक 13.09.2022 तक ईमेल hindicell@niftem.ac.in पर कार्यक्रम अनुसार अग्रिम रूप से भेज दें।

2. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन समिति की संस्तुति पर क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वना के लिए पुरस्कार स्वरूप क्रमश: 2000/- रूपये, 1500/- रूपये, 1000/- रूपये, 500/- रूपये की धनराशि दी जाएगी।

3. गैर-हिन्दी भाषी राज्यों से अर्थात कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पांडुचेरी, पूर्वोत्तर राज्यों सहित पश्चिमी बंगाल के निवासी अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र-छात्राओं को सर्वाधिक अंकों के आधार पर किसी भी प्रतियोगिता में 30 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर 1000/- रुपए का विशिष्ट पुरस्कार दिया जाएगा। विशिष्ट पुरस्कार 10 से अधिक नहीं होंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता में अधिकतम 02 तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम के केवल 10 लोगों को मैरिट के आधार पर ही ये पुरस्कार देय होंगे।

4. किसी भी प्रतिभागी को सभी प्रतियोगिताओं में से केवल किसी एक प्रतियोगिता में सर्वोत्तम प्रदर्शन हेतु नकद पुरस्कार देय होगा। अन्य प्रतियोगिताओं हेतु प्राप्त स्थान का उल्लेख करते हुए केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

5. उपरोक्त कार्यक्रमों की तिथि, समय एवं स्थान आवश्यकतानुसार बदला जा सकता है।

6. सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन निम्नलिखित समिति द्वारा सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा:-

   1) डॉ. आशुतोश उपाध्याय, शैक्षणिक संकायाध्यक्ष
   2) डॉ. विमल पन्त, सह-प्राध्यापक
   3) डॉ. नीरज, सह-प्राध्यापक
   4) श्री एस.के.एस. चन्देल, सहायक कुलसचिव (प्रशा.)/हिन्दी अधिकारी
   5) श्री कुलदीप सिंह, सहायक कुलसचिव (आई.टी.)
   6) श्री अशोक चौहान, वित्त नियंत्रक

   प्रतियोगिताओं के विषय में निर्णयकर्ताओं का निर्णय अंतिम एवं सभी को मान्य होगा। किसी भी कार्यक्रम के मूल्यांकन में उक्त अधिकारियों में से किन्ही तीन अधिकारियों की उपस्थिति गणपूर्ति होगी।

7. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के विषय प्रतियोगिता के समय मौके पर ही प्रतिभागियों को दिए जाएंगे।

8. उक्त कार्यक्रमों के सुचारू संचालन का दायित्व राजभाषा प्रकोष्ठ का होगा और उनका सहयोग श्री राजू और श्री जॉनी करेंगे।

कुलसचिव

**प्रति :**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति अध्यक्ष महोदय।
2. कुलसचिव।
3. सभी संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी/कर्मचारी/प्रभाग/अनुभाग प्रभारी
4. डीन (छात्र कल्याण), छात्र/छात्राओं को सूचित करवाने हेतु।
5. श्री कुलदीप सिंह, सहायक कुलसचिव (आईटी) - कार्यालय ज्ञाप वेबसाईट पर अपलोड करने, प्रतियोगिताओंके दौरान तकनीकी सहयोग करने एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु।
6. कार्यालय प्रति।